प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 12 मार्च, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री ए०पी० सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को श्री सिंह ने 'झारखण्ड राज्य के पांचवे वित्त आयोग का प्रथम प्रतिवेदन' समर्पित किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज प्रशिक्षित शिक्षक संघ का शिष्टमंडल श्री महिपाल महतो के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की तथा राज्य में 'JTET' परीक्षा के आयोजन हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज हरेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा कुर्मी को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के एक शिष्टमंडल ने श्री एन०सी० कर्जी के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्य में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम खोलने हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।